कार्यक्रम

संत अलॉयसियस महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

सतत् परिश्रम ही जीवन को सार्थक बनाते : फराओ

नवभारत, जबलपुर। अतीत का सम्मान, वर्तमान का उत्सव और भविष्य के लिए सतत परिश्रम ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। उक्त बातें संत अलॉयसियस महाविद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्डिनल फिलिप नेरी फराओ ने कही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. वलन अरासू ने कहा कि सफलता का सही मापदंड समाज पर पड़ने वाला सकारात्मक प्रभाव है। उन्होंने विद्यार्थियों से साहस, दयालुता और विविधता के सम्मान को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। अवसर था संत अलॉयसियस महाविद्यालय

सत्र 2023-24 के पदक वितरण समारोह का, जहां का परिसर आज गर्व, उत्साह और उपलब्धियों के उल्लास से सराबोर नजर आया। समारोह में महाविद्यालय के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती वर्ष की औपचारिक घोषणा भी की गई।

चार पुस्तकों का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, नवाचार और तकनीक पर आधारित चार पुस्तकों का विमोचन भी किया गया, जिसने अकादमिक वातावरण को और समृद्ध किया। मंच संचालन सधे हुए अंदाज़ में किया गया और आयोजन पूरी तरह अनुशासित व गरिमामयी रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उप-प्राचार्य डॉ. कल्लोल दास, डॉ. नीलांजना पाठक, डॉ. रुपाली अहलूवालिया, डॉ. निशा पांडेय, डॉ. रीता चौहान, डॉ. रश्मि पतरस एवं डॉ. प्रियंका सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जबकि मंच संचालन आदित्य जैन एवं सुश्री जुनैरा हक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री अनुष्का सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

44 स्वर्ण पदक और 33 प्रमाण-पत्र वितरित

इस भव्य समारोह में 44 स्वर्ण पदक और 33 प्रमाणपत्र वितरित किए गए। विशेष आकर्षण रहीं बीएससी बायो समूह की छात्रा सुरभि साह, जिन्होंने तीन स्वर्ण पदक प्राप्त कर सर्वाधिक सम्मान अपने नाम किया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पीटर रुमाल खराडी, जेराल्ड अल्मेडा एवं डॉ. फा. डेविस जॉर्ज रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोज ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इनका कहना है

यह सम्मान मेरे लिए सिर्फ पदक नहीं, बल्कि मेरे माता-पिता और शिक्षकों के विश्वास की जीत है। आगे रिसर्च के क्षेत्र में देश के लिए कुछ करने का सपना है।

सुरभि साह
(तीन स्वर्ण पदक विजेता)



महाविद्यालय ने हमें केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि जीवन मूल्य भी सिखाए हैं। यह पदक उसी शिक्षा की पहचान है।

आकाश कुमार यादव

आज का दिन हमेशा याद रहेगा। मंच पर नाम पुकारे जाने का क्षण बेहद भावुक था, इससे मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।

माही गुप्ता

अतिथियों के बीच सम्मान पाना गर्व की बात है। मैं इस उपलब्धि को भविष्य की जिम्मेदारियों की शुरुआत मानता हूं।

यशवंत कुमार

दूसरों से तुलना छोड़ों, स्वयं को निखारे : प्रमाणसागर

डीएन जैन महाविद्यालय में आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री ने दिया संदेश

नवभारत,जबलपुर। ईर्ष्या की भावना दूसरों की प्रगति और प्रशंसा को सहन नहीं कर पाती—यह विचार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब तक व्यक्ति दूसरों की तुलना में स्वयं को देखता रहेगा, तब तक वह अपने जीवन को संवार नहीं सकता। दूसरों की ओर देखने से मन में चुभन और ईर्ष्या जन्म लेती है। मुनि श्री ने कहा कि यदि किसी की उन्नति देखकर हर्ष होता है तो वह प्रेम का संकेत है, लेकिन यदि मन में जलन हो तो समझना चाहिए कि ईर्ष्या सक्रिय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईर्ष्या प्राय: निकट संबंधों में ही होती है—भाई से भाई, पड़ोसी से पड़ोसी, व्यापारी से व्यापारी, यहां तक कि साधु से साधु तक। उन्होंने कहा कि स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध करने का प्रयास ही अहंकार की शुरुआत है। आज धार्मिकता तो बढ़ी है, लेकिन आध्यात्मिकता का अभाव दिखाई देता है। गुणग्राही दृष्टि, सकारात्मक सोच, कर्म सिद्धांत में विश्वास और आध्यात्मिक दृष्टि से ही जीवन का कल्याण संभव है।

आज घटयात्रा एवं श्रीजी की शोभायात्रा

प्रवक्ता अविनाश जैन (विद्यावाणी) एवं सुबोध कामरेड ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज को दोपहर 12:30 बजे मुनिसंघ के सान्निध्य में घटयात्रा एवं श्रीजी की शोभायात्रा डी.एन. जैन बोर्डिंग से प्रारंभ होकर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान स्थल, टेलीग्राफ ग्राउंड पहुंचेगी, जहां ध्वजारोहण एवं पंडाल का उद्घाटन होगा। 31 जनवरी से 8 फरवरी तक प्रतिदिन प्रात: 6:30 बजे मंगलाष्टक, शांतिमंत्र एवं शांतिधारा के साथ विधान संपन्न होंगे।

एक नजर में

श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

नवभारत,जबलपुर। विजय नगर स्थित चंद्रशेखर गार्डन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का पांचवां दिन श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावपूर्ण रहा। कथावाचक पंडित सुरेन्द्र आनंद ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और छप्पन भोग का मनोहारी वर्णन किया, जिसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर चैतन्यानंद महाराज शंकराचार्य मठ से उपस्थित होकर भक्तों को आशीर्वचन दिए। उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे ने कथा पीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा में श्रद्धालुओं ने गहरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। इस दौरान देवेन्द्र कुमार पचौरी, अर्चना पचौरी, नीता पांडे, सुमन शर्मा, मनोहर सिंह ठाकुर, उत्कर्षा सोनी, रति बाई ठाकुर, आकाश राज यादव, सीमा साहू, सुनीता पचौरी सहित कई अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

105 महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित

नवभारत,जबलपुर। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 105 महिला परिवारों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए। यह कार्यक्रम पार्षद अंजू अनीता जाट (गोलू) के कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं के चेहरों पर खुशी साफ़ झलकी। कार्यक्रम का आयोजन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं पूर्व नगर अध्यक्ष जी.एस. ठाकुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जाट समाज के पंच-सरपंच, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, मातृशक्ति, एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व पार्षद सतवीर जाट गोलू, डीएनटी राष्ट्रीय महासचिव (दिल्ली) का विशेष योगदान रहा।

यादव महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

नवभारत,जबलपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के मार्गदर्शन में जबलपुर शाखा में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह इंडियन कॉफी हाउस, घंटाघर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद संगठन की मजबूती और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। संभाग अध्यक्ष विजय यादव ने संगठन को हर स्तर पर सुदृढ़ बनाने के लिए मासिक ग्रामीण और वार्ड स्तरीय बैठकों का आयोजन करने की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़ड़ा ने बताया कि महासभा इस वर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भी करेगी, जिसमें समाज के युवाओं के विवाह के साथ अन्य समाजों के योग्य युवक- युवतियों के विवाह भी शामिल होंगे। जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज यादव ने समाज में फैली कुरीतियों जैसे बाल विवाह और अनावश्यक मृत्यु भोज को समाप्त करने पर जोर दिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव, संभाग अध्यक्ष विजय यादव, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़ड़ा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज यादव, शहर अध्यक्ष कीर्ति राजू यादव, शहर युवा अध्यक्ष राहुल यादव, ग्रामीण युवा अध्यक्ष संजू यादव, महिला प्रदेश सचिव कंचन यादव और कविता यादव, जिला ग्रामीण महिला अध्यक्ष रश्मि यादव, शहर महिला अध्यक्ष सविता यादव शामिल थे। सैकड़ों समाजजन और वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव ने किया और आभार प्रदर्शन मीडिया प्रभारी जितेंद्र यादव ने किया।

पंचायत मंत्री पटेल का आगमन आज

नवभारत,जबलपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का आज शुक्रवार को शाम 6.10 बजे नरसिंहपुर जिले के ग्राम हीरापुर से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। मंत्री श्री सिंह शाम 7.50 बजे जबलपुर से वायुयान द्वारा इंदौर प्रस्थान करेंगे।

हेलमेट पहनाकर दिया सुरक्षित यातायात का संदेश

कलेक्टर व एसपी ने किया नि:शुल्क हेलमेट वितरण व वृक्षारोपण

नवभारत,जबलपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ''सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा'' थीम पर थाना बरगी क्षेत्र के बहोरीपार टोल नाके पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय की विशेष उपस्थिति रही। एनएचएआई के सहयोग से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को 25 नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए गए तथा अधिकारियों ने स्वयं हेलमेट पहनाकर सुरक्षित यातायात का संदेश दिया। साथ ही हेलमेट न पहनने से होने वाली दुर्घटनाओं व मृत्यु की गंभीरता से नागरिकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में एसडीएम अभिषेक सिंह, तहसीलदार सुश्री पूर्णिमा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष शुक्ला, थाना प्रभारी बरगी नीलेश दोहरे, एनएचएआई एवं प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी सहित लगभग 100 नागरिक उपस्थित रहे।

सेंट पीटर एंड पॉल महागिरजाघर का नवीनीकृत भवन उद्घाटित

नवभारत, जबलपुर। सदर स्थित जबलपुर के प्रमुख सेंट पीटर एंड पॉल महागिरजाघर का नवीनीकृत भवन आज भव्य समारोह के बीच उद्घाटित हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में भारत के प्रमुख कार्डिनल पिलिप नेरी फेरायो, मध्यप्रदेश के आर्चबिशप ऐ. दुलइराज, जबलपुर धर्मप्रान्त प्रमुख बिशप डॉ. वल्लन आरसु, विकार जनरल एवं पल्लीपुरोहित डॉ. फादर डेविस समेत अन्य सह-पल्लीपुरोहित उपस्थित थे। इस अवसर पर जबलपुर के समस्त ईसाई समुदाय के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह में पवित्र मिस्सा बलिदान एवं आशीष वचन दिए गए। कार्यक्रम के अंत में पल्लीपुरोहित ने पल्लीवासियों का आभार व्यक्त किया।

कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का मुख्य न्यायाधीश ने किया शुभारंभ

जबलपुर, नवभारत। मध्य प्रदेश स्टेट ज्यूडिशियल एकेडमी ने सिविल जज, जूनियर डिवीज़न (एंट्री लेवल) परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों और वकीलों अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य के लिए खास कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शुरू किया है। इस प्रोग्राम का उद्घाटन हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज जस्टिस विवेक रूसिया, जस्टिस विवेक अग्रवाल उपस्थित थे। हाई कोर्ट के जज, राज्य के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट और सेशन जज, बार के रिप्रेजेंटेटिव और प्रोग्राम के 1078 रजिस्टर्ड पार्टिसिपेंट वर्चुअली उद्घाटन में शामिल हुए।

एकेडमिक्स को सपोर्ट देगा

चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा कि सभी कैंडिडेट्स चाहे उनका बैकग्राउंड कुछ भी हो, क्वालिटी गाइडेंस और स्ट्रक्चर्ड एकेडमिक सपोर्ट देगा। यह प्रोग्राम ज्यूडिशियरी में शामिल होने के लिए युवा दिमागों की मज़बूत इच्छाओं को दिखाता है। जो समाज की सेवा करें। उन्होने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कहते हुए कहा कि हालात नहीं, बल्कि पक्का इरादा और लगन किसी का भविष्य बनाते हैं। उम्मीदवारों को अपनी तैयारी में लगातार, सब्र रखने वाले और मज़बूत बने रहने और चुनौतियों को आगे बढ़ने के मौके देगा।

संकल्प से समाधान शिविर में मिले हितग्राहियों को लाभ

नवभारत, जबलपुर। म.प्र. शासन द्वारा लगातार जरूरतमंदों के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में शासन ने प्रदेशभर में संकल्प से समाधान अभियान का भी शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत नगर निगम जबलपुर द्वारा संभागवार एवं वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लगातार हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत संभाग क्रमांक 2 कछपुरा कार्यालय के मदन महल वार्ड के अंतर्गत वार्ड पार्षद कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें सभी आवेदकों को योजनाओं, स्वास्थ्य, एन.यू.एल.ए विभाग के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं के आवेदन पत्र लेकर स्वीकृति प्रदान की गयी तथा हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। शिविर में वार्ड पार्षद श्रीमती तुलसा लखन प्रजापति एवं वार्ड प्रभारी श्रीमती निर्मला मलिक, संभागीय अधिकारी, योजना लिपिक श्रीमती अंजना गौंड, सभी ऑपरेटर एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित हैं।

भारतीय सेना में शामिल होने मिलेगा मौका

अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 13 से 24 फरवरी तक

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर सहित 15 जिलों के युवाओं के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार एमएस मरकाम ने कहा कि भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा युवाओं के लिए भर्ती की रैली आयोजित की जाएगी। यह रैली 13 फरवरी से 24 फरवरी 2026 तक पुलिस लाइंस झिंझरी कटनी में होगी। जिसमें अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन जैसे पदों के लिए भर्ती होगी। जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, कटनी, मंडला, मउगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा इस रैली में शामिल हो सकते हैं। साथ ही मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों की महिला उम्मीदवार महिला सैन्य पुलिस की भर्ती के लिए आवेदन कर सकती हैं। रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, सभी जरूरी दस्तावेज और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है। फोटो रैली की तारीख से 7 दिन से ज्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए। अग्निवीर ट्रेड्समैन और जनरल ड्यूटी के उम्मीदवारों को पांच विषयों में उत्तीर्ण होना जरूरी है।

2025 में उत्तीर्ण छात्र को भेजे जाएंगे एडमिट कार्ड

सेना द्वारा मई और जून 2025 में ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन का आयोजन किया गया था। जो अभ्यर्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं, उन्हें 27 जनवरी 2026 को ईमेल पर एडमिट कार्ड भेज दिया गया है। अब ये उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेंगे।

सराहना हुई

शिक्षित भारत-विकसित भारत के संदेश के साथ दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रदर्शनी का समापन

आठ जिलों से आए 169 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

नवभारत,जबलपुर। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) जबलपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान संभाग (जोन) स्तरीय प्रदर्शनी का समापन गुरुवार को डाईट परिसर में गरिमामय वातावरण में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ. राम मोहन तिवारीर हे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डाईट प्राचार्य अजय दुबे ने प्रदर्शनी के उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और कौशल को निखारते हैं।

लघु नाटिका, गीत और सेमिनार बने आकर्षण

द्वितीय दिवस विद्यार्थियों द्वारा झांसी की रानी की वीरता, पेड़ बचाओ-पेड़ लगाओ, धरती माँ की पुकार, रसायनों के दुष्प्रभाव, सोशल मीडिया के दुरुपयोग सहित विभिन्न विषयों पर लघु नाटिका, स्वरचित एकल गीत एवं सेमिनार प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने सराहा।

विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता

संभाग के आठ जिलों से चयनित 169 विद्यार्थी एवं 32 मार्गदर्शी शिक्षकों ने प्रदर्शनी में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने शिक्षित भारत-विकसित भारत, नारी सशक्तिकरण, वृद्ध माता-पिता की सेवा, बाल श्रम एक अभिशाप, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण व जल संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल, आधुनिक कृषि, उभरती प्रौद्योगिकी, भारतीय लोकतंत्र, मतदान जागरूकता, जल शुद्धिकरण सहित अनेक विषयों पर आकर्षक व ज्ञानवर्धक मॉडल प्रदर्शित किए गए।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उपसंचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग डॉ. पी.पी. सिंह, डाईट प्राचार्य अजय दुबे, प्रदर्शनी नोडल अधिकारी सुनील शर्मा, सहायक प्राध्यापक वाई.एन. द्विवेदी, एपीसी राजेश तिवारी, व्यावसायिक समन्वयक मनोज काशिव, व्याख्याता केशव दुबे, भावना दुबे, कल्पना द्विवेदी सहित डाईट स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।